

**लगाई जबरदस्त छलांग**

टॉप टेन बल्लेबाजों में मिताली के अलावा सिर्फ स्मृति मंधाना ही हैं। स्मृति मंधाना को इस बार की रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान हुआ है और वो सातवें नंबर पर आ गई हैं। मिताली के अलावा शेफाली वर्मा 49 स्थानों की छलांग के साथ 71वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग की बात करें तो टॉप टेन में दो भारतीय गेंदबाज हैं जिसमें झूलन गोस्वामी 5वें स्थान पर हैं तो वहीं पूनम यादव नौवें नंबर पर हैं।

## मिताली राज बनीं दुनिया की नंबर एक महिला बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मिताली राज की अगुआई में भारतीय महिला क्रिकेट टीम व इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज में भारत को बेशक 2–1 से हार मिली, लेकिन इस पूरे सीरीज के दौरान टीम की कप्तान मिताली राज का बल्ला जमकर बोला। उन्होंने इंग्लैंड की टीम के खिलाफ तीनों वनडे मुकाबलों में अर्धशतकीय पारी खेली और इसका फायदा उन्होंने आइसीसी की ताजा महिला वनडे रैंकिंग में मिला। आइसीसी द्वारा जारी की गई इस रैंकिंग में मिताली राज दुनिया की नंबर एक महिला वनडे बल्लेबाज बन गई हैं। मिताली राज अपने 22 साल के लंबे क्रिकेट करियर के दौरान 8वीं बार वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में मिताली ने 103 की औसत से 206 रन बनाए थे और वो इस वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज भी रहीं। मिताली की शानदार पारी के दम पर भारत को तीसरे वनडे में शानदार जीत मिली थी।

# अचानक बदलनी पड़ी इंग्लिश टीम स्टोक्स पहली बार बने वनडे कप्तान

**क्रिकेट**

## पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले इंग्लिश खेमे में मचा हडकंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लंदन। पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से ठीक दो दिन पहले इंग्लिश खेमे में हडकंप मच गया। तीन खिलाड़ी समेत दल के कुल सात सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं, जिसके बाद आनन–फानन में पूरी टीम बदल दी गई। बेन स्टोक्स को टीम का कप्तान बनाया गया है। साथ ही 18 सदस्यीय सक्वॉड में से नौ अनकैप्ड खिलाड़ियों को जगह मिली है।

**आइसोलेशन में गई पूरी टीमः** श्रीलंका के खिलाफ ब्रिस्टल में खेले गए एकदिवसीय मैच के बाद सोमवार को खिलाड़ियों के सैंपल लिए गए थे, जिसकी जांच में सात लोग पॉजिटिव आए है, इसमें तीन खिलाड़ी और चार सहयोगी सदस्य है, लेकिन किसी का नाम नहीं बताया गया है। टीम और पूरे सपोर्ट स्टाफ को आइसोलेशन में भेजा गया है। इंग्लैंड एंव वेल्स क्रिकेट बोर्ड के बयान में मंगलवार को बताया गया कि टीम रविवार से पृथकवास पर है।



**ऐसा है पाकिस्तान के खिलाफ कार्यक्रमः** इंग्लैंड को घरेलू सरजमीं पर तीन वनडे और इतने ही टी–20 मैच की सीरीज खेलनी है। पहला कार्डिफ में तय कार्यक्रम के मुताबिक ही होगा। दूसरा वनडे 10 और तीसरा मैच 13 जुलाई को खेला जाएगा। फिर टी–20 क्रिकेट का धमाल देखने को मिलेगा, ये मुकाबला 16, 18 और 20 जुलाई को खेले जाएंगे। पाकिस्तान से निपटने के बाद भारत और इंग्लैंड के बीच 4 अगस्त से पांच टेस्ट मैच की सीरीज का आगाज होगा।

**स्टोक्स को पहली बार वनडे टीम की कमानः** इंग्लिश मेंस क्रिकेट के मैनेजिंग डायरेक्टर एश्ले जाइल्स ने कहा, यह नए खिलाड़ियों के लिए सुनहरा मौका है। 24 घंटे पहले इनमें से किसी ने भी नहीं सोचा था कि उन्हें इतने बड़े स्टेज में खेलने का मौका मिलेगा। कुछ खिलाड़ी लंबे समय से घरेलू क्रिकेट में दम दिखाते आ रहे हैं। बेन स्टोक्स भी पहली बार वनडे टीम की अगुवाई करेंगे। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी टॉम हैरिसन ने कहा, 'हम वायरस के डेल्टा प्रकार के होने वाले खतरे से अवगत है। जैव–सुरक्षित माहौल (बायो बबल) में ढिलाई देने से इसके संक्रमण के फैलने का खतरा है।'

**ऐसा है नया इंग्लिश मेंस स्क्वॉड**

बेन स्टोक्स (कप्तान), जेक बॉल, डैनी ब्रिग्स, ब्रिडन कैर्स, जैक क्राउली, बेन डकेट, लुईस ग्रेगरी, टॉम हेल्म, विल जैक्स, डैन लॉरेंस, सकिब महमूद, डेविड मलान, क्रेग एवर्टन, मैट पार्किंसन, डेविड पेन, फिल साल्ट, जॉन सिम्पसन, जेम्स विंस

# पेसर जेम्स एंडरसन ने हासिल किया खास मुकाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने भले फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 1000 विकेट पूरे कर लिए हों बावजूद इसके वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले ओवरऑल 216वें गेंदबाज हैं। इससे पहले मॉर्डन क्रिकेट में बतौर पेसर आखिरी बार एक हजार का आंकड़ा छूने का रेकॉर्ड न्यूजीलैंड के एंडी कैडिक के नाम था जिन्होंने 2005 में ये उपलब्धि हासिल की थी।

एंडरसन इस महीने के आखिर में 39 साल के हो जाएंगे। 6 फुट 2 इंचे लंबे कद के एंडरसन ने काउंटी चैंपियनशिप में लंकाशर की ओर से खेलते हुए कैंट के खिलाफ 19 रन देकर 7 खिलाड़ियों को आउट किया।

**30 जुलाई को बाएं हाथ के पेसर एंडरसन 39वां जन्मदिन मनाएंगे**

एंडरसन ने अपना 1000वां शिकार दक्षिण अफ्रीका के हीनो कुन को विकेटकीपर और कप्तान विलास के हाथों कैच कर बनाया। 51वीं बार पारी में 5 विकेट हासिल कर चुके एंडरसन की धारदार गेंदबाजी के दम पर लंकाशर ने केंट को पहली पारी में महज 74 रन पर ढेर कर दिया।

**वसीम अरम के क्लब में शामिल**

एंडरसन 21वीं सदी में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 1000 या इससे अधिक शिकार करने वाले दुनिया के 14वें बल्लेबाज बने। इनमें 5 पेसर्स शामिल हैं। मॉडर्न क्रिकेट में एंडरसन के अलावा कैडिक, मार्टिन बिकनेल, डेवॉन माल्कम और पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम शामिल हैं।

फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट इंग्लैंड के लेफ्ट आर्म स्लो ऑर्थोडोक्स गेंदबाज विलफ्रेड रोड्स के नाम है। रोड्स ने 1110 फर्स्ट क्लास मैचों में कुल 4204 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने 287 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए हैं।

इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर भी अंग्रेज गेंदबाज का दबदबा है। पूर्व लेग ब्रेक गेंदबाज अल्फ्रेड पर्सी फ्रीमैन ने 592 फर्स्ट क्लास मैचों में कुल 3776 शिकार किए हैं जिसमें 386 बार 5 विकेट हॉल शामिल है। एंडरसन की धारदार गेंदबाजी भारत के लिए चिंता का विषय है।

## महिला टेस्ट को पांच दिवसीय प्रतियोगिता बनाया जाए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की कप्तान मेग लैनिंग चाहती हैं कि महिला टेस्ट को पांच दिवसीय प्रतियोगिता बनाया जाए, जैसे कि यह उनके पुरुष समकक्षों के लिए है। उनका मानना है कि अधिक परिणाम प्राप्त करने के और बदलाव के लिए ऐसा करना चाहिए। मेग लैनिंग ने हाल ही में खेले गए भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच का हवाला दिया, जो बारिश से प्रभावित होकर ड्रा रहा। लैनिंग का मानना है कि अगर ये मैच पांच दिवसीय होता तो नतीजा निकल सकता था। मेलबर्न में मीडिया से बात करते हुए मेग लैनिंग ने कहा है कि महिलाओं के लिए चार दिवसीय टेस्ट की मौजूदा प्रणाली एक स्पष्ट परिणाम की संभावना को कम करती है, खासकर अगर मौसम खराब होता है। मुझे लगता है कि इसे पांच दिनों तक ले जाना शायद समझ में आता है, हमने पिछले दो टेस्ट मैचों में देखा, जो टेस्ट मैच हमने इंग्लैंड के खिलाफ खेला था और हाल ही में इंग्लैंड और भारत के साथ मैच में हुआ। थोड़ी बारिश हुई थी और एक बार ऐसा होता है, इससे परिणाम प्राप्त करना काफी कठिन हो जाता है।

## न्यूज डायरी



### धोनी के गुरुमंत्र का श्रीलंका दौरे पर भी इस्तेमाल करेंगे रुतुराज गायकवाड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी ने कई युवा खिलाड़ियों को निखारने में मदद की है। इस लिस्ट में अगला नाम चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ का हो सकता है। महाराष्ट्र के इस खिलाड़ी ने हाल ही में कहा था कि पूर्व भारतीय कप्तान ने उनकी काफी मदद की। इससे उनके प्रदर्शन में निरंतरता आई। गायकवाड़ को 2020 के आईपीएल में चेन्नई की टीम में शामिल किया गया था। हालांकि उस साल उन्हें खेलने के ज्यादा मौके नहीं मिले। टीम प्रबंधन का ध्यान दाएं हाथ के इस बल्लेबाज पर नहीं गया। गायकवाड़ ने वह गुरुमंत्र भी बताया जो महेंद्र सिंह धोनी ने उनके साथ साझा किया था। धोनी ने उन्हें बताया था कि आखिर एक कामयाब क्रिकेटर बनने के लिए क्या करने की जरूरत होती है। 24 वर्षीय इस खिलाड़ी ने बताया कि धोनी ने उनसे कहा था कि हमेशा गेंद की क्वॉलिटी पर ध्यान दें न कि मैदान पर विपक्षी टीम की बातों पर।

### मोहम्मद आमिर की कैसे हो सकती है पाकिस्तान की टीम में एंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान टीम के धाकड़ तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने पाकिस्तान टीम के मैनेजमेंट पर सवाल उठाए थे और क्रिकेट से संन्यास का फैसला कर लिया था। हालांकि, अब वे पाकिस्तान के लिए फिर से खेलना चाहते हैं, जो कि पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच वकार यूनुसने बताया है कि मोहम्मद आमिर को पाकिस्तान की टीम में कैसे प्रवेश मिल सकता है। पाकिस्तान के बॉलिंग कोच वकार यूनुसने कहा है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर के लिए पाकिस्तान की टीम में वापसी करना बेहद कठिन है, क्योंकि उन्हें पहले घरेलू क्रिकेट में खेलकर खुद को साबित करना होगा। आमिर ने पिछले दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय खेल से संन्यास लेते हुए कहा था कि उनके साथियों और कोचों ने उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था। बता दें कि मोहम्मद आमिर मैच फिक्सिंग के लिए 6 साल का बैन झेल चुके हैं।

### लाइमलाइट में रहने के लिए साधा टीम इंडिया पर निशानाः कनेरिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने श्रीलंका के पूर्व कप्तान अर्जुन राणातुंगा पर निशाना साधा है। कनेरिया ने कहा है कि राणातुंगा ने लाइमलाइट में रहने के लिए ही श्रीलंका के दौरे पर गई भारतीय टीम को श्बीश टीम कहा है। वर्ल्ड कप विजेता कप्तान ने कहा था कि भारत ने अपनी दोयम दर्जे की टीम भेजकर श्रीलंका क्रिकेट का अपमान किया था।

कनेरिया ने कहा कि इस टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो नियमित रूप से भारत की मुख्य टीम में खेलते रहते हैं। ऐसे में इसे दूसरे दर्जे की टीम कहना ठीक नहीं है। इससे पहले श्रीलंका बोर्ड भी इस तरह की राय जाहिर कर चुका है। अपने यूट्यूब चैनल पर दानिश कनेरिया ने राणातुंगा पर भारतीय क्रिकेट टीम के बारे में राणातुंगा के बयान की आलोचना की। कनेरिया ने कहा, राणातुंगा ने यह बयान सिर्फ लाइमलाइट में रहने के लिए किया है।

### हार्दिक पांड्या को अब शुरू कर देनी चाहिए गेंदबाजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि हार्दिक पांड्या को नियमित रूप से गेंदबाजी शुरू करने की जरूरत है, क्योंकि टीम इस साल के अंत में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए तैयार हो रही है। चोपड़ा के अनुसार, हार्दिक अगर गेंदबाजी शुरू करते हैं तो भारतीय टीम बेहतर संतुलित होगी, क्योंकि वह टीम को बहुत सारे विकल्प और गहराई देंगे। साउथैंप्टन में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में भारत के हारने के बाद एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की कमी काफी महत्वपूर्ण साबित हुई।